## LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

(CIN : L24117RJ1979PLC002099)

**Regd Office** : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office** : A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web:** www.lordschloro.com; **E-mail** : contact@lordschloro.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, 29th May, 2019 at 5:00 P.M.** at its Corporate Office at A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024, inter-alia, for consideration, approval, adoption and publication of Audited Financial Results of the Company for the financial year ended 31st March, 2019.

The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
**Sd/-**
**Rajiv Kumar**
**CFO**

**Place:** New Delhi
**Date** : 20th May, 2019

---

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

Co: Central Delhi, GAD, 4th Floor, Rajendra Bhawan, Rajendra Place, New Delhi-110125

**E-TENDER FOR RENOVATION OF TOILETS/ WASHROOMS AT BANK'S OWN BUILDING AT RAJENDRA BHAWAN, RAJENDRA PLACE, NEW DELHI.**

Punjab National Bank invites e-tender for renovation of toilets/ washrooms at bank's own building at Rajendra Bhawan, Rajendra Place, New Delhi

For full details, please visit our website **http://pnbindia.in / http://pnbindia.biz** – Tenders related to Circle Offices.

Last date of downloading tender and submission is **03.06.2019 till 15:00 hrs.**

**CIRCLE HEAD**

---

## STL GLOBAL LIMITED

STL Global

**CIN: L51909DL1997PLC088667**
**Regd. Office : Unit No.111, Block No.1, 1st Floor, Tribhuwan Complex, Ishwar Nagar, New Delhi- 110065**

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to the Regulations 29 & 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday the 30th day of May, 2019 at 11:00 A.M. at the Corporate Office of the Company at Plot No.207-208, Sector-58, Faridabad-121004, HR in order to discuss, take on record and approve, inter alia, the Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March, 2019.

The notice is also available on the company's website at www.stl-global.com and on the Stock Exchanges website at NSE at www.nseindia.com and BSE at www.bseindia.com respectively.

**For STL GLOBAL LIMITED**
**Sd/-**

**Place : Faridabad** **Manil Kr. Nagar**
**Date : 20.05.2019** **(Company Secretary)**

---

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान
**THE NATIONAL INSTITUTE FOR ENTREPRENEURSHIP AND SMALL BUSINESS DEVELOPMENT (NIESBUD)**
**(Under Ministry of Skill Development & Entrepreneurship, Govt. of India)**
Since 1983, ISO 9001-2008 Certified, A-23 Sec-62, Noida (U.P.) www.niesbud.nic.in

niesbud

## EXPORT-IMPORT PROCEDURE, DOCUMENTATION AND INTERNATIONAL ENTREPRENEURSHIP

**ATTEND 114th & 115th CERTIFICATE PROGRAMME**

**Programme Content:** Formation of Export Co., Foreign Trade Policy (2015-20), Govt. Incentive, Product Sourcing, Locating Export Markets, PEST PORTER, WTO, SAARC, EU, Globalization, FOB, L/c, Payment, Export Finance, FEMA-R.B.I., Packaging, Internet Marketing, Import Mgmt., Custom Clearance, How to Get Buyers, Export Documentation, Licensing, Jt. Venture, Take over, Merger & Acquisition, FDI, FI.

**25 TO 30 MAY, 2019 REGULAR BATCH (SATURDAY TO THURSDAY)**
**25 MAY TO 09 JUNE, 2019 WEEKEND BATCH (3 SAT + 3 SUN)**
**Time: 10.00 AM TO 6:00 PM**

**Total Fee: Rs. 15,000/-** GST @ 18% Extra. (Fee Includes Study Material, Kit, Lunch, Tea & Certificate) For details log on to :
**www.niesbud.nic.in • hpsingh@niesbud.gov.in**

**Venue: NIESBUD, A-23, SECTOR-62, NOIDA**
**Details: H.P. Singh - Core Faculty & Prog. Director**
**Mob.: 0987 3465 520, 0995 3981 416; Ph.: 0120-4017033**

हम आपको Export-Import करते हुए देखना चाहते हैं। 'WE COVER THE MOST'

---

## BHARTI TELECOM LIMITED

Regd. Office: Airtel Centre, Plot No. 16, Udyog Vihar

---

## VIJAY SOLVEX LIMITED

**Regd. Office:** Bhagwati Sadan, Swami Dayanand Marg, Alwar - 301001(Rajasthan)
**CIN:L15142RJ1987PLC004232**

**NOTICE**

---

Bharat Petroleum
energising lives

**EXTRACT FROM THE**

| Sl. No. | |
|---|---|
| 1 | Total Income from Op |
| 2 | Net Profit for the perioc |
| 3 | Net Profit for the peri items) |
| 4 | Total Comprehensive period (after tax) and |
| 5 | Paid up Equity Share |
| 6 | Other Equity (Excludir |
| 7 | Networth [Paid up capi |
| 8 | Oustanding Redeemat |
| 9 | Paid up Debt Capital/C |
| 10 | Debt Equity Ratio |
| 11 | Earnings Per Share (c |
| 12 | Debenture Redemptior |
| 13 | Debt Service Coverag |
| 14 | Interest Service Cover |

**Notes:**

a) Previous period's figu

b) The Board at its mee in addition to the Inte

c) Post applicability of G disclosed net of GST applicable products ar

d) The above audited re meeting held on 20th

e) The above is an extra 52 of the SEBI (Listin are available on the (

## सार समाचार

### लीबिया में आतंकवादी हमले से जलापूर्ति बंद

**त्रिपोली, स्पूतनिक।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली तथा मध्य एवं पश्चिम शहरों में सशस्त्र समूह ने हमला कर पानी की आपूर्ति करने वाले ऑपरेटर को पानी का वॉल्ब बंद करने के लिए मजबूर किया गया। जिससे जलापूर्ति बंद कर दी गयी। जल विभाग के हसौना-जेफरा अनुभाग के प्रमुख ने यह जानकारी दी। विभाग ने रविवार को एक बयान में कहा, "मैन-मेड रिवर प्रोजेक्ट के लिए विभाग ने सूचित किया कि आतंकवादियों के हमले के कारण पानी के कुओं से जलापूर्ति रोक दी गयी है। जल विभाग के ऑपरेटरों और कर्मचारियों को उनके सभी नियंत्रण वाले वॉल्वों को बंद करने के लिए मजबूर किया गया।" बयान के अनुसार हमलावरों की मांग पूरी होने तक जलापूर्ति बहाल नहीं की जाएगी। उनकी मांगों के बारे में अभी पता नहीं चला है। इस हमले से त्रिपोली के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में और कई अन्य शहरों में जलापूर्ति बाधित हुयी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार त्रिपोली में संघर्ष के कारण 450 से अधिक लोगों की मौत हो गयी और 2100 से ज्यादा लोग घायल हुये है।

### मिस्र में सुरक्षा बलों ने 12 आतंकवादियों को किया ढेर

**काहिरा, शिन्हुआ।** मिस्र की राजधानी काहिरा तथा गीजा प्रांत में सुरक्षा बलों ने छापे के दौरान सोमवार को 12 आंतवादियों को मार गिराया। मिस्र के गृहमंत्रालय ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर लिखा, "सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि हसेम आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकवादियों का एक समूह देश में अराजकता तथा अशांति फैलाने के लिए सिलसिलेवार हमलों की योजना बना रहा है।"

मंत्रालय ने बताया कि हसेम समूह मुस्लिम ब्रदरहुड से संबंधित रहा है। सुरक्षा बलों के जवानों ने शेरौक तथा छह अक्टूबर को हुए हमलों को लेकर दो अपार्टमेंट में छापा मारा। इस दौरान सुरक्षा बलों के जवानों ने 10 स्वचालित हथियार, गोलाबारूद, चार विस्फोटक उपकरण तथा बम बनाने में उपयोग होने वाले बिजली के तार बरामद किये। सुरक्षा बलों ने गीज प्रांत में पर्यटक बस तथा एक कार में हुए विस्फोट के एक दिन बाद यह कार्रवाई की।

विश्व समाचार / कूटनीति

# 'युद्ध' करने पर 'ईरान का आधिकारिक अंत'

## अगर ईरान युद्ध चाहता है तो यह उसका आधिकारिक अंत होगा। अमेरिका को फिर कभी धमकी न दें: ट्रम्प।

**वाशिंगटन** ■ स्पूतनिक/डेस्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा अगर वह अमेरिका के साथ 'युद्ध' का साहस करता है तो उसका 'आधिकारिक अंत' हो जाएगा। ट्रंप ने रविवार को ट्वीट किया, 'अगर ईरान युद्ध चाहता है तो यह उसका आधिकारिक अंत होगा। अमेरिका को फिर कभी धमकी न दें!



यह चेतावनी उस समय दी गयी जब मई के शुरू में पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों की उपस्थिति बढ़ाने से तनाव पहले से बढ़ी हुई है और इस संदर्भ में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि यह ईरानी शासन को एक स्पष्ट और असंदिग्ध संदेश है ।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अनुसार तैनात सैनिकों में युद्ध समूह वाहक, पैट्रियोट मिसाइलें, बी -52 बमवर्षक और एफ -15 लड़ाकू विमान शामिल हैं। इसके अलावा 12 मई को दो सऊदी जहाजों और एक संयुक्त अरब अमीरात के झंडे वाले एक जहाज समेत यूएई तट पर चार तेल टैंकरों को निशाना बनाकर रहस्यमयी ढंग से तोड़फोड़ की गयी। किसी ने तोड़फोड़ की जिम्मेदारी नहीं ली लेकिन अमेरिका ने कथित तौर पर सुझाव दिया कि उसके क्षेत्रीय सहयोगियों पर हमले के पीछे प्रतिबंध प्रभावित ईरान का हाथ हो सकता है। श्री ट्रम्प ने पहले ही कहा है कि उन्हें आशा है कि वह ईरान के साथ युद्ध से बचेंगे। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने बदले में कहा कि ईरान का अमेरिका के साथ युद्ध करने का इरादा नहीं है लेकिन वह अमेरिका का विरोध करना जारी रखेगा।

### अपनी रक्षा करने से हिचकिचाएंगे नहीं: सऊदी अरब

**दुबई,एपी।** सऊदी अरब के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि उनका देश युद्ध नहीं चाहता लेकिन वह ईरान के खिलाफ अपनी रक्षा कराने से हिचकिचाएगा नहीं। उनका यह बयान ऐसे वक्त आया है जब एक सप्ताह पहले संयुक्त अरब अमीरात के तट पर तेल के चार टैंकरों को कथित तौर पर निशाना बनाया गया और ईरान समर्थित यमन के बागियों ने सऊदी अरब की तेल की पाइपाइन पर ड्रोन हमले का दावा किया था।

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि यदि वह लड़ाई चाहता है तो उसका विनाश हो जाएगा। ट्रम्प ने यह चेतावनी बगदाद में अमेरिकी दूतावास के निकट एक रॉकेट के गिरने की खबर के बाद दी।

दूसरी ओर, ईरान के अधिकारियों ने कहा है कि वे युद्ध नहीं चाहते हैं। सऊदी अरब के विदेश मामलों के राज्य मंत्री अदेल अल-जुबेर ने संवाददाताओं से कहा, ''सऊदी अरब क्षेत्र में युद्ध नहीं चाहता है और वह इसकी कोशिश नहीं कर रहा है... लेकिन, यदि अन्य पक्ष युद्ध चुनता है, तो सऊदी अरब पूरी ताकत और प्रतिबद्धता के साथ इसका मुकाबला करेगा और अपनी, अपने नागरिकों और अपने हितों की रक्षा करेगा।'' बगदाद में अमेरिकी दूतावास में रॉकेट गिरने की रिपोर्टों के बाद ट्रम्प ने ट्वीट किया, ''यदि ईरान लड़ाई चाहता है तो यह ईरान का आधिकारिक अंत होगा। अमेरिका को फिर धमकी मत देना।''

### ट्रंप ने आयात शुल्क हटाने वाली घोषणाओं पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, स्पूतनिक।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मैक्सिको से एल्यूमीनियम एवं स्टील के आयात पर शुल्क हटाने वाली घोषणाओं पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह आदेश सोमवार से लागू हो जाएगी। इससे पहले अमेरिका ने स्टील और एल्यूमिनियम पर आयात शुल्क बढ़ाने के मामले में दोनों पड़ोसी देशों मैक्सिको और कनाडा से समझौता कर लिया था। समझौते के तहत अमेरिका फिलहाल मैक्सिको और कनाडा से आयातित स्टील एवं एल्यूमिनियम उत्पादों पर शुल्क लगाने या बढ़ाने की कार्रवाई नहीं करेगा। कनाडा और मैक्सिको भी अमेरिका से आयातित उत्पादों पर या तो शुल्क नहीं लगाएंगे, या विवाद के पहले से चल रही शुल्क व्यवस्था में छेड़छाड़ नहीं करेंगे।

### हक्कानी समूह के तीन आतंकी गिरफ्तार

**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से सुरक्षाबलों ने एक अभियान के दौरान तालिबान से संबंध हक्कानी समूह के तीन आतंकवादी गिरफ्तार किया। सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रेसीडेंटल इंफोरमेंशन कार्डिनेशन सेंटर (तौहिद सेंटर) ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय (एनडीएस) के जवानों ने काबुल के पुलिस जिला 8 में अभियान के दौरान हक्कानी आतंकवादी समूह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

बयान के अनुसार एनडीएस ने अभियान के सही समय का खुलासा नहीं किया है।

तालिबान आतंकवादियों से संबंध हक्कानी समूह देश के पूर्वी प्रांतों और राजधानी काबुल के कई अति सुरक्षा वाले क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के खिलाफ हुये हमलों के लिये जिम्मेदार है। पुलिस प्रवक्ता फेरडस फरामाज ने काबुल के पुलिस जिला 7 में रविवार की रात दोगह अबाद में एक सुरक्षा चौकी पर अज्ञात लोगों ने हथगोला फेंका जिसमें पुलिस अधिकारी घायल होने की पुष्टि की है।

## व्लादिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**कीव** ■ वार्ता/डेस्क

यूक्रेन के हास्य अभिनेता व्लादिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को राजधानी कीव में एक समारोह में देश के नये राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। श्री जेलेंस्की ने अतीत में किसी तरह का कोई राजनीतिक अनुभव नहीं होते हुये भी यूक्रेन में पिछले महीने में हुये राष्ट्रपति चुनाव में भारी मतों के साथ जीत हासिल की। चुनाव में उनका मुकाबला पेट्रो पोरोशेनको से था जो 2014 से सत्ता में थे।

बीबीसी न्यूज की सोमवार की एक रिपोर्ट के अनुसार श्री जेलेंस्की ने भ्रष्टाचार से निपटने और पूर्व में रूस समर्थित विद्रोहियों के साथ संघर्ष को समाप्त करने का वादा किया है।

पूर्व टेलीविजन अभिनेता ने 21 अप्रैल को चुनाव जीतने के बाद से अभी ज्यादा कुछ नहीं कहा है।

रूस के टीवी चैनलों के अनुसार शपथ समारोह में कोई भी रूसी अधिकारी आमंत्रित नहीं था।

इस दौरान श्री जेलेंस्की ने यूक्रेनी भाषा में भाषण दिया। लेकिन एक समय पर पूर्वी क्षेत्र में व्याप्त संघर्षों का उल्लेख करते हुये रूसी भाषा में कहा, "मैं इस बात से सहमत हूं कि संवाद को शुरू करने के लिए सभी यूक्रेनी कैदियों की वापसी जरूरी है।

## अमेरिकी राजदूत तिब्बत दौरे के दौरान 'निष्पक्ष फैसला' करें: चीन

**बीजिंग** ■ भाषा/डेस्क

अमेरिकी राजदूत टेरी ब्रांस्टेड को तिब्बत दौरा करने की अनुमति देने वाले चीन ने सोमवार को उम्मीद जताई कि अमेरिकी राजदूत हिमालयी क्षेत्र की स्थिति खासकर धर्म और तिब्बती संस्कृति को लेकर ''निष्पक्ष फैसला'' करेंगे।

ब्रांस्टेड 19 से 25 मई के बीच तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के सीमावर्ती क्विन्हाई प्रांत के दौरे पर हैं और यह चार सालों में बेहद प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी अमेरिकी राजदूत का पहला दौरा है। इस दौरे के दौरान ब्रांस्टेड की स्थानीय अधिकारियों से मुलाकात और धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत स्थलों का दौरा करने का कार्यक्रम है। उनका यह दौरा दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच हो रहा है। अमेरिका द्वारा इस साल के शुरू में रेसीप्रोकल एक्सेस टू तिब्बत एक्ट, 2018 पारित किये जाने के बाद चीन की तरफ से अमेरिकी राजदूत के दौरे की इजाजत दी गई है।

अमेरिका ने इस एक्ट के जरिये चेतावनी दी थी कि अगर चीन ने अमेरिकी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों को तिब्बत जाने से रोका तो वह भी समान और पारस्परिक उपाय अपनाएगा। तिब्बत, निर्वासित तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा की मातृभूमि है। नया कानून उन चीनी अधिकारियों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा जो अमेरिकी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों को तिब्बत जाने से रोकेंगे। अभी विदेशी पर्यटकों को तिब्बत का दौरा करने के लिये चीनी वीजा के अलावा विशेष यात्रा परमिट की भी आवश्यकता होती है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लू कंग ने सोमवार को मीडिया से कहा कि "हम राजदूत ब्रांस्टेड के दौरे का स्वागत करते हैं जिससे वह शांतिपूर्ण आजादी के बाद बीते साठ सालों में हुए बदलावों को देख सकें।"

अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा था कि यह यात्रा राजदूत के लिए तिब्बती संस्कृति एवं भाषा के संरक्षण तथा धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंधों को लेकर लंबे समय से व्यक्त की जा रही चिंताओं के बारे में स्थानीय नेताओं से बातचीत करने का एक अवसर है, इस पर टिप्पणी करते हुए लू ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि राजदूत तिब्बत की मौजूदा स्थिति के बारे में निष्पक्ष फैसला करेंगे।

लू ने कहा, ''जहां तक अमेरिकी दूतावास की टिप्पणी की बात है, हमें उम्मीद है कि यह दौरा उन्हें निष्पक्ष फैसला लेने में मदद कर सकता है जो तथ्यों पर आधारित हो, खासकर धर्म, संस्कृति, विरासत और इतिहास पर। हमें उम्मीद है कि वह अफवाहों से भ्रमित होने के बजाए वह अपना फैसला खुद कर सकते हैं।''

कारपोरेट हलचल/ कंपनियां/ बैंक

## छोटे जैविक खाद्य उत्पादकों को 2020 तक गैर प्रमाणित उत्पाद बेचने की मिली छूट

**नई दिल्ली** ■ भाषा/डेस्क

खाद्य सुरक्षा नियामक भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ एस एस ए आई) ने 12 लाख रुपये का वार्षिक कारोबार करने वाले छोटे जैविक खाद्य उत्पादकों को अप्रैल 2020 तक बगैर प्रमाणीकरण के अपने उत्पाद सीधा ग्राहकों को बेचने की अनुमति दी है। एक ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है।

हालांकि ये उत्पादक अपने उत्पादों पर 'जैविक भारत' का 'लोगो' का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। जैविक भारत का लोगो गैर-जैविक उत्पादों से जैविक उत्पादों को अलग करने का पहचान चिह्न है। इसी तरह की छूट 50 लाख रुपये के सालाना कारोबार वाले 'एग्रीगेटर्स' (समूहक कंपनी) को भी दी गई है। हालांकि, जैविक खाद्य खुदरा कंपनियों को प्रमाणीकरण मानदंडों का पालन करना होगा। वर्ष 2017 के जैविक कानून के तहत, उपभोक्ता को सीधे तौर पर जैविक उत्पादों की बिक्री करने की अनुमति केवल राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) और भागीदारी गारंटी प्रणाली (पीजीएस) भारत के प्रमाणन के साथ की जा सकती थी। अपने ताजा आदेश में एफएसएसएआई ने कहा कि छोटे उत्पादकों सहित जैविक खाद्य व्यवसाय परिचालकों द्वारा कानून के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों के बारे में कई ज्ञापनों की जाँच करने के बाद उक्त मानदंडों में ढील दी गई है। इसमें कहा गया है, ₹हमारी प्रमुख चुनौतियों में से एक यह है कि देश में बड़ी संख्या में निर्माता और निर्माता संगठन हैं, जो प्रमाणन की दो में से किसी भी प्रणाली के तहत प्रमाणित नहीं हैं। मौजूदा समय में पीजीएस-इंडिया के सरलीकरण के लिए प्रयास चल रहे हैं ताकि इसे छोटे उत्पादक के अनुकूल बनाया जा सके।₹ नियामक ने कहा कि छोटे उत्पादकों में विश्वास पैदा करने के लिए इन नियमों को 'अनुकूल नियमों' के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि अप्रैल 2020 तक इसके कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण के दौरान इन नियमों का उपयोग उत्पादकों विशेषकरछोटे मूल उत्पादकों और निर्माता संगठनों को दंडित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।'' एफएसएसएआई ने कहा कि छोटे उत्पादकों और एग्रीगेटरों के कारोबार आकार के लिए स्व-प्रमाणन को स्वीकार किया जाएगा। हालांकि, राज्य खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को से नियमों के अनुसार दूषित और कीटनाशक अवशेषों की सीमा का पालन किए जाने की निगरानी करने के लिए कहा गया है।

### अमूल दूध दो रुपये महंगा

**नई दिल्ली, भाषा।** अमूल ब्रांड नाम से डेयरी उत्पाद बेचने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में दूध के दाम दो रुपये बढ़ाने का निर्णय किया है।

इससे इन इलाकों में मंगलवार से दूध महंगा हो जाएगा। संघ ने यह निर्णय कच्चे माल की लागत बढ़ने के चलते किया है।

जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि दूध के दाम दो साल बाद बढ़ाये गये। इससे पहले, मार्च 2017 में दूध के दाम संशोधित किये गये थे। बयान के अनुसार नई कीमत 21 मई से प्रभाव में आएगी और यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल, कोलकाता, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में सभी छह ब्रांडों पर लागू होगा।

## बिजनेस सुर्खियां

### सुजुकी ने पेश की दो नयी मोटरसाइकिलें

**नई दिल्ली,वार्ता।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने सोमवार को अपनी स्पोर्ट टूरिंग मोटरसाइकिल जिक्सर एसएफ 250 और नयी जिक्सर एसएफ बाजार में उतारी। नयी जिक्सर एसएफ सीरीज उन्नत तकनीक, प्रीमियम स्टाइल और उत्कृष्ट गुणवत्ता के दावे के साथ लॉन्च की गयी है। इस अवसर पर सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के कंपनी प्रमुख कोइचिरो हीराओ ने कहा कि नयी और अत्याधुनिक शैली तथा बेजोड़ शक्ति के साथ बाजार में उतारी गयी हैं। यह बाइक सुजुकी जिक्सर एसएफ युवाओं और उत्साही लोगों को आकर्षित करेगी। जिक्सर एसएफ भारत में सुजुकी के प्रमुख उत्पादों में से एक है और इससे बाजार में ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाने में मदद मिलेगी। जिक्सर एसएफ 250 में मोटो जीपी मशीन के लिए विकसित तकनीक है जो बेहतर राइडिंग प्रदान करेगी। कंपनी के उपाध्यक्ष देवाशीष हांडा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुपहिया वाहन बाजार है।

### टाटा मोटर्स का लाभ 49 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, भाषा।** वाहन बनाने वाली घरेलू कंपनी टाटा मोटर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में 49 प्रतिशत घटकर 1,108.66 करोड़ रुपये रहा। टाटा मोटर्स ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2017-18 की इसी तिमाही में कंपनी को 2,175.16 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय 87,285.64 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 2017-18 की चौथी तिमाही में 91,643.44 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2018-19 में कंपनी को 28,724.20 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ जबकि इससे पूर्व वित्त वर्ष में 9,091.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय आलोच्य वित्त वर्ष में 3,04,903.71 करोड़ रुपये रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2017-18 में 2,96,298.23 करोड़ रुपये था।

### एक्जिट पोल पर उद्योग जगत की चुप्पी


**नई दिल्ली, भाषा।** भारतीय उद्योग जगत ने सोमवार को एक्जिट पोल पर चुप्पी साधते हुए कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रविवार को आए तमाम एक्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरा कार्यकाल मिलते हुए दिखाया गया है। चुनाव नतीजे 23 मई को आने हैं। इस बारे में प्रमुख उद्योग मंडलों फिक्की, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) तथा एसोचैम ने कोई टिप्पणी करने से इनकार किया। महिंद्रा समूह के मुख्य अर्थशास्त्री सच्चिदानंद शुक्ला के एक ट्वीट कि इस सप्ताह क्या करना है, समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने जवाब देते हुए कहा, 'इस सप्ताह हमारी निगाह सिर्फ एक चीज पर है।' उनका इशारा 23 मई के चुनाव नतीजों की ओर था।'' उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष राजीव तलवार ने पीटीआई भाषा से कहा, 'भारत में सभी को मतदाताओं के जनादेश का सम्मान करना चाहिए। यदि मतदाताओं को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरा कार्यकाल मिलना चाहिए तो यह किसी अन्य विचार की तुलना में सबसे अच्छा होगा।' उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय मतदाता को लगा है तो उसने सरकार बदली है। उन्होंने अपनी सोच के आधार पर ही किसी को दूसरा कार्यकाल भी दिया है। ऐसे में यदि संभवतः मोदी को दूसरा कार्यकाल मिलता है तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि एक बात निश्चित है कि अगले प्रधानमंत्री का नाम 'एन' से शुरू होगा। ब्रोकरेज कंपनी एडलवाइस सिक्योरिटीज ने कहा कि यदि राजग स्पष्ट बहुमत के साथ आती है तो बाजार में उत्साह रहेगा।

शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1,422 अंक और निफ्टी 421 अंक उछला

**मुम्बई** ■ वार्ता/डेस्क

विदेशी बाजारों से मिले मिश्रित संकेतों को अनदेखा करते हुए एग्जिट पोल में पूर्ण बहुमत के साथ मोदी सरकार की सत्ता वापसी के संकेतों से उत्साहित निवेशकों ने जमकर लिवाली की जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 1,421.90 अंक यानी 3.75 प्रतिशत की तेज छलांग लगाकर 39,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 39,352 .67 अंक पर पहुंच गया।



इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 421.10 अंक यानी 3.69 प्रतिशत उछलकर 11,828.25 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी का माहौल रहा। सेंसेक्स 770.41 अंक की भारी बढ़त के साथ 38,701.18 पर खुला। यह कारोबार के दौरान 39,421.56 अंक के दिवस के उच्चतम और 38570.04 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 3.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,352.67 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियां हरे निशान में रहीं और मात्र दो कंपनियां लाल निशान में रहीं। निफ्टी भी 244.75 अंक की छलांग लगाकर 11,651.90 अंक पर खुला । कारोबार के दौरान 11,845.20 अंक के दिवस के उच्चतम और 11,591.70 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 3.69 प्रतिशत की बढ़त में 11,828.25 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक रविवार शाम जारी विभिन्न एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के खाते में 545 में 339 से 354 के बीच सीटें आती दिख रही हैं। चुनाव परिणाम 23 मई को आने हैं। निवेशक पहले से ही राजग सरकार की सत्ता वापसी के प्रति आश्वस्त हैं जिसे देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव परिणाम आने तक बाजार में तेजी का माहौल बना रहेगा।

### सेबी ने नौ कंपनियों पर 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली, भाषा।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एक्सडान ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के शेयरों में हेरा फेरी एवं एकाधिकारवादी गतिविधियों में संलिप्त रहने पर नौ कंपनियों पर 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। नौ कंपनियों में से हेनल सी. पटेल, दांतारा अमिश विजयकुमार और हेनल हेमंतभाई शाह प्रत्येक पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है जबकि धनलक्ष्मी लीज फाइनेंस सहित अन्य पर पांच- पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इन सभी नौ कंपनियों को नोटिस जारी किये गये थे। सेबी ने एक्सडान के शेयरों में मई 2013 और मार्च 2015 के बीच हुये सौदों की जांच के दौरान पाया कि ये कंपनियां एक दूसरे से जुड़ी थी। इन इकाइयों के बीच साठगांठ के तहत किये गये सौदों से कंपनी के शेयरों में कारोबार होने का भ्रम पैदा हुआ। ऐसा कर इन इकाइयों ने सेबी के अनुचित और धोखाधड़ी रोधी नियमन का उल्लंघन किया है।

### एवरेडी ने दो वरिष्ठ वित्त अधिकारी नियुक्त किए

**कोलकाता, भाषा।** एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड (ईआईआईएल) ने कंपनी में दो संयुक्त मुख्य वित्तीय अधिकारियों की नियुक्ति की है। ये नियुक्तियां एवरेडी इंडस्ट्रीज की मूल कंपनी विलियमसन मेगोर समूह द्वारा रणनीतिक भागीदार की तलाश किये जाने की चर्चा के बीच की गईं हैं। एवरेडी इंडस्ट्रीज ने हालांकि इन नियुक्तियों को कंपनी में संभावति किसी भी तरह के पुनर्गठन कार्यों से जोड़े जाने से इनकार किया है। उसने कहा कि ये नियुक्तियां कर्मचारियों को उनके करियर में आगे बढ़ाने के तहत उठाया गया कदम है। एवरेडी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इंद्रनील रॉय चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष- वित्त, और बिभू रंजन शाह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष - लेखा और बैंकिंग को संयुक्त मुख्य वित्त अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया है। सुवमाय शाह कंपनी में पूर्णकालिक निदेशक बने रहेंगे। वह लंबे समय तक कंपनी के मुख्य वितत अधिकारी रहे हैं। कंपनी ने इससे पहले कहा था कि वह हिस्सेदारी बिक्री के जरिये कंपनी में तीन से चार हजार करोड़ रुपये प्रापत करना चाहती है। इसके लिये रणनीतिक भागीदार को भी शामिल किया जा सकता है। बी एम खेतान के नेतृत्व वाले विलियमसन मेगॉर समूह ने एवरेडी इंडस्ट्रीज में रणनीति भागीदार की तलाश के लिये कोटक महिन्द्रा बैंक को नियुक्त किया है। समूह ने हालांकि कहा है कि उसका एवरेडी इंडस्ट्रीज से पूरी तरह बाहर होने का कोई इरादा नहीं है।

### सरकार रेलटेल में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी का विनिवेश करेगी

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार रेलटेल कारपोरेशन में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश की योजना बना रही है। कंपनी को सूचीबद्ध कराने की पूरी व्यवस्था देखने के लिये मर्चेन्ट बैंकरों से बोलियां आमंत्रित की गईं हैं। सरकार रेलटेल के प्रारम्भिक सार्वजनिक निर्गम का प्रबंधन करने के लिये तीन मर्चेंट बैंकरों की नियुक्ति कर सकती है।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(**सीआईएन** : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)
**पंजी. कार्यालय** : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय** : ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
**फोन** : +91-11-46865999, 41627937, **फैक्स** : +91-11-46865930
**वेबसाइट** : www.lordschloro.com; **ई-मेल** : contact@lordschloro.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **बुधवार, 29 मई, 2019 को अप. 5:00 बजे** इसके कार्पोरेट कार्यालय ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन, अंगीकरण तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
राजीव कुमार
सीएफओ

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 20 मई, 2019